बाल भारती पब्लिक स्कूल , पीतमपुरा

कक्षा - ४ दिनांक - २९.०४.२०२०

विषय - व्याकरण उपविषय – संज्ञा

संज्ञा के भेद

पिछली कक्षा में हमने यह समझा था कि :

- किसी व्यक्ति/ प्राणी ,वस्तु ,स्थान .या मन के भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं |
- इस आधार पर संज्ञा के तीन भेद माने गए हैं :-

संज्ञा

व्यक्तिवाचक संज्ञा | जातिवाचक संज्ञा | भाववाचक संज्ञा

व्यक्तिवाचक संज्ञा :ऐसे संज्ञा शब्द जो विशेष व्यक्ति ,वस्तु, या स्थान का बोध कराएँ व्यक्तिवाचक संज्ञा कहलाएँ |

जैसे: इंडिया गेट, दिल्ली, भुवन, गुरुनानक देव जी ,रामायण आदि |

जातिवाचक संज्ञा :ऐसे संज्ञा शब्द जो किसी विशेष व्यक्ति या वस्तु का नहीं बल्कि उसकी पूरी जाति का बोध कराएँ जातिवाचक संज्ञा कहलाएँ |

जैसे : लड़का ,आदमी , फूल ,नदी , पक्षी, कबूतर ,देश आदि |

भाववाचक संज्ञा : ऐसे संज्ञा शब्द जो व्यक्ति या वस्तु के गुण -दोष ,दशा या भाव का पता बताएँ भाववाचक संज्ञा शब्द कहलाएँ |

जैसे : बुढ़ापा ,ऊँचाई ,आज़ादी , सुंदरता, गहराई आदि|

उदाहरण :

- आज भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच खेला जाएगा |
  - ऊपर लिखे वाक्य में रेखांकित शब्द किसी देश का नाम,शहर का नाम, विशेष स्थान का नाम हैं इसलिए व्यक्तिवाचक संज्ञा के उदाहरण हैं |
- घोड़ा दौड़ रहा है |
  - घोड़ा शब्दकिसी एक घोड़े का नाम नहीं बल्कि उसकी जाति के बारे में बताता है इसलिए जातिवाचक संज्ञा का उदाहरण है |
- बगीचे में हरियाली है |
  - ऐसे ही बगीचा शब्द किसी एक विशेष बगीचे की नहीं बल्कि किसी भी बगीचे के बारे में बताता है ,इसलिए जातिवाचक संज्ञा का उदाहरण है |
  - हरियाली शब्द भाववाचक संज्ञा शब्द है |हम हरियाली को महसूस कर सकते हैं |

आइए अभ्यास करें :-(उत्तर पुस्तिका कार्य)

प्रश्न १) रेखांकित शब्दों में संज्ञा का कौन- सा भेद है गोला बनाकर बताएँ |

क) बच्चों ने जमकर होली खेली |

~ जातिवाचक ~ व्यक्तिवाचक

ख़) ताजमहल की सुंदरता प्रसिद्ध है |

~व्यक्तिवाचक ~ भाववाचक

ग)खरगोश कछुए से हार गया |

~ जातिवाचक ~ व्यक्तिवाचक

घ) आम में मिठास है |

~ व्यक्तिवाचक ~ भाववाचक

ड.)मान्या बुद्धिमान लड़की है |

~ जातिवाचक ~ व्यक्तिवाचक

प्रश्न २)दिए गए शब्दों को सही जगह पर लिखिए :-

शेर अमेरिका भलाई रामायण मित्रता गाय ऊँचाई लड़की मित्र जयपुर प्यास राजस्थान

व्यक्तिवाचक	जातिवाचक	भाववाचक